25 OCT 3 2026.qxd 24-10-2026 22:59 Page 1



# थरवईमें कालेजके कमरेमें लगी आग परीक्षार्थियोंके मोबाइल एवं दस्तावेज राख

## होम्योपैथिक मेडिकल अधिकारीकी परीक्षाके समय हुई घटना, हंगामा, अफरातफरी

थरवई के इस्माइलगंज बाजार स्थित पंडित हनुमंत दत्त इंटर कॉलेज इस्माइलगंज में होम्योपैथिक मेडिकल आफिसर की परीक्षा के दौरान एक कमरे में शनिवार सुबह



आग लग गई। इससे विद्यालय में मौजूद शिक्षकों, कर्मचारियों के साथ ही परीक्षार्थियों में अफरातफरी मच गई। खबर पाकर जब तक फायरकर्मी पहुंचते, कर्मचारियों ने पानी व बालू डालकर आग पर काबू पा लिया था। हालांकि, तब तक कमरे में रखा दर्जनों परीक्षार्थियों के मोबाइल, दस्तावेज व हजारों रुपये राख हो चुके थे। परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थियों ने हंगामा कर कालेज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। लेकिन मौके पर पहुंची पुलिसने मामले को समझाबुझाकर शांत करा दिया। पुलिस के मुताबिक आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी।

थरवई थाना क्षेत्रके इस्माइलगंज बाजार स्थित पंडित हनुमंत दत्त इंटर कॉलेज इस्माइलगंज में शनिवार को होम्योपैथिक मेडिकल आफिसर की परीक्षा थी। ३१२ परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन इसमें २१५ परीक्षार्थी ही शामिल हुए। परीक्षा सुबह ९.३० बजे से शुरू होनी थी। इसके पहले परीक्षार्थियों के बैग, पर्स, मोबाइल व दस्तावेज जमा करा लिए गए। सभी सामानों को कालेज परिसर में बने एक कमरे में रखा गया। करीब १०.३० बजे अचानक कमरे में आग लग गई। यह देखकर शिक्षकों व कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। परीक्षार्थी भी घबरा गए। शिक्षकों ने परीक्षार्थियों से परीक्षा देने की बात कहते हुए फायर बिग्रेड को सूचना दी। वहीं, कर्मचारी पानी व बालू डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे और कुछ ही देर में लपटें शांत हो गईं। इसके बाद फायरकर्मी पहुंचे। खबर पाकर एसीपी थरवई अजेंद्र यादव भी दलबल के साथ पहुंचे। कानपुर की रहने वाली परीक्षार्थी ने बताया कि १२०० रुपये, मोबाइल, आधार व पेनकार्ड जल गया। कानपुर के ही सुनील का मोबाइल, आधार व पेनकार्ड तो अयोध्या के सुनील सिंह तोमर का चार हजार रुपये, मोबाइल राख हो गया। इसी प्रकार भोपाल की वंदना, कानपुर के अजेंद्र कुमार, बस्ती के शुभम भार्गव समेत अन्य परीक्षार्थियों के भी रुपये, मोबाइल व महत्वपूर्ण दस्तावेज जले हैं। घटना के बाद परीक्षार्थियों ने हंगामा किया लेकिन पुलिसने समझा कर शांत करा दिया। परीक्षार्थियों का कहना था कि आग लगने से मोबाइल, पैसा सबकुछ जल गया, अब कैसे घर जाएंगे। हंगामा बढ़ते देख एसीपी ने कॉलेज प्रशासन के माध्यम से परीक्षार्थियों को घर तक जाने के लिए कुछ पैसा दिलवाया। घटनास्थल पर डीआईओएस नीरज केशरी और सेक्टर मजिस्ट्रेट आरएन चौधारी ने भी पहुंचकर जानकारी ली।

### जांचमें स्पष्ट होगी आग लगनेकी वजह

परीक्षार्थी अरुण कुमार, डॉ. सुनील कुमार सहित दर्जनों परीक्षार्थियों ने थरवई पुलिस को तहरीर दी है। परीक्षार्थियों का आरोप लगाया कि कमरे में खुले तार से शार्ट सर्किट से आग लगने से सारा सामान जल गया। उधर, कालेज प्रशासन का कहना है कि किसी परीक्षार्थी के बैग में मोबाइल के साथ परफ्यूम रखा था। जिससे मोबाइल ब्लास्ट होने से आग लग गई और बड़ी संख्या में बैग जल गए।

एसीपी थरवई अजेंद्र यादव ने बताया कि पूरे घटना की जांच के बाद ही आग लगने की वजह स्पष्ट होगी। इसके बाद आगे विधिक काररवाई की जाएगी।

### घरसे बिना बताये निकली किशोरी गायब, तलाश

शिवकुटी थाना क्षेत्र में घर से बिना बताये किशोरी गायब हो गयी फिर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। अब शिवकुटी पुलिस मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश कर रही है।

शिवकुटी थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि २० अक्तूबर को उसकी १७ वर्षीय बेटी शाम चार बजे के बाद घर से बिना बताये चली गयी है। इसके बाद वह नहीं लौटी। पीड़ित परिवार ने रिश्तेदारों एवं हर संभावित जगहों पर खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। शिवकुटी पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की तलाश की जा रही है।

# सदर तहसीलके ११ लेखपालोंके कार्यक्षेत्र बदले

सदर तहसील से जुड़े ११ लेखपालों के कार्यक्षेत्र में एसडीएम सदर ने शनिवार को फेरबदल कर दिया है। साथ ही राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिये हैं कि एक सप्ताह के अंदर उनका चार्ज सौंप दिया जाय। जानकारी के मुताबिक लेखपाल हरीश वर्मा को शाहा उर्फ पीपल गांव रसूलपुर मरियाडीह, मनीष कुमार को कसारी मसारी, सुधीर कुमार को चांदपुर सलोरी, महेश मिश्रा को अहमदपुर पावन रसूलपुर काशीपुर उपरहार, विवेक सिंह को हरवारा, श्रीमती मनोरमा केसरवानी को दारागंज, सोनाली सिंह को गयासुद्दीनपुर, श्रीमती रितु सिंह को राजापुर देहमाफी, नवीन सोनकर को बेली उपरहार, विष्णुकांत मिश्रा को असरावे खुर्द और सतीश कुमार मिश्रा को असरावे कलां क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# राजापुरमें प्रतियोगी छात्रने फांसी लगाकर दी जान

कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे एक प्रतियोगी छात्र ने शुक्रवार रात फांसी



हत अभिनयकी फाइल फोटो।

लगाकर जान दे दी। उसका बंद कमरे में फंदे पर लटका शव मिला। छात्र ने आत्महत्या क्यों की, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। पुलिस के मुताबिक उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। छात्र की आत्महत्या की जानकारी मिलने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया।

### बाराबंकीका रहने वाला अभिनय यूपीएससी की कर रहा था तैयारी, चार बहनोंमें इकलौता था, नहीं मिला सुसाइड नोट

बाराबंकी जनपद के सफदरगंज थानाक्षेत्र के भनवापुर गांव निवासी अजय कुमार यादव पेशे से अधिवक्ता हैं। उनकी पांच संतानों में सबसे बड़ा और इकलौता बेटा २२ वर्षीय अभिनय यादव करीब दो साल से कैंट थानाक्षेत्र के राजापुर में किराये के कमरे में रहकर यूपीएससी की तैयारी कराने वाली एक कोचिंग में पढ़ता था। शुक्रवार रात उसने फांसी लगा लिया। जानकारी होने पर मकान मालिक के बेटे ने घटना की सूचना पुलिस और अभिनय के पिता को दी। फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची कैंट पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरवाया और कमरे की जांच के बाद विधिक प्रक्रिया पूरी की। शनिवार सुबह अभिनय के पिता, परिजनों और रिश्तेदारों के साथ शहर पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर गांव लौट गए। पिता अजय कुमार ने बताया कि अभिनय पढ़ाई में काफी तेज था। वह नवरात्रि में एक सप्ताह तक घर पर रहने के बाद दशहरा के दिन शहर आया था। गुरुवार को बेटे से उनकी बात हुई थी, तब सब कुछ सामान्य लगा था। अचानक से क्या हुआ समझ में नहीं आ रहा। इकलौते बेटे की मौत से मां गीता देवी और बहनें रो-रो कर बेहाल रहीं। सूत्रों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अभिनय की मौत फांसी लगाने से होने की पुष्टि हुई है। थाना प्रभारी कैंट अमरनाथ राय ने बताया कि जांच के लिए छात्र का मोबाइल और लैपटाप कब्जे में लिया गया है।

### कहीं महिला मित्रसे अनबन तो नहीं बनी वजह

पुलिस सूत्रों की माने तो शुरूआती जांच में महिला मित्र से अनबन की बात सामने आयी है। परिजनों को एक युवती से दोस्ती की जानकारी मिली थी। कुछ समय से दोनों के बीच अनबन चल रही थी। किसी बात को लेकन दोनों के बीच विवाद चल रहा था। शुक्रवार शाम दोनों के बीच फोन से बातचीत होने की बात भी सामने आयी है। रात करीब १२ बजे मृतक के पिता ने उसे काल किया था लेकिन रिसीव नहीं हुई। कुछ देर बाद उसकी मौत की सूचना मिली। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# सोनेकी ढेड़िया धारण कर मां कल्याणीने भक्तोंको दिये दर्शन

## धूमधामसे मना मां कल्याणी धाममें ढेड़िया महोत्सव-१५०वां वार्षिकी महाशृंगार

ढेड़िया पर्व के मौके पर शनिवार को मां कल्याणी देवी धाम में ढेड़िया महोत्सव एवं वार्षिकी महा शृंगार का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस मौके पर मां कल्याणी देवी जी का शृंगार सम्पूर्ण सोने के आभूषणो



एवं बेला-गुलाब के पुष्पों से किया गया। मां ने भक्तों का कष्ट हरने के लिए लिए अपने हाथों में सोने की ढेड़िया धारण करे अपने दिव्य दर्शन दिये। इस मौके पर मां कल्याणी का महाभिषेक षोडशोपचार विधि विधान से पंडित श्याम जी पाठक ने पूजन कर किया और मां की महाआरती ढोल-नगाड़े, घंट-घड़ियाल के साथ पंडित सुशील पाठक ने किया। भक्तों ने माता कल्याणी की जयकारे लगाए और देर रात तक मां कल्याणी की महा शृंगार के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। पूरे मंदिर की सज्जा संयोजक दिनेश शर्मा ने (डीके आर्टीशियन) ने फूलों, फलों एवं अनेक सामग्री से बहुत आकर्षक ढंग से की। मंदिर परिसर में विद्वान ब्राह्मणों ने नवचंडी दुर्गा सप्तशती का पाठ और भक्तों ने भजन कीर्तन किया। बता दें कि ढेड़िया का यह शृंगार अंग्रेजों के शासनकाल में विगत १५० वर्षों से मां कल्याणी जी के मंदिर में किया जाता है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि मंदिर परिसर में ढेड़िया पर्व के महत्व को दर्शाते हुए आंगन में आकर्षक ढेड़िया की सजावट की गयी है जो २५ अक्तूबर तक रहेगा। कार्यक्रम की व्यवस्था में पंडित संतोषानंद महाराज, अनिल पाठक, कृष्ण कुमार पाठक, सुधीर शर्मा, महेंद्र तिवारी आदि लगे रहे।

### 'भईया जी का दाल-भात परिवार' का वार्षिकोत्सव एक नवम्बरको

'भईया जी का दाल-भात परिवार' अपना आठवां 'वार्षिकोत्सव-२०२६' मनाने जा रहा है। आगामी एक नवम्बर रविवार को पूर्वान्ह बजे से श्री बड़े हनुमान जी मंदिर बंधवा प्रयागराज के सामने दाल-भात परिवार के प्रकल्प-स्थल पर आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में मानवता की सेवा करने, सहयोग करने, भोजन प्रसाद वितरण किया जायेगा।

# मंत्रीके सरकारी लेटरपैडकी कूटरचना करने वालोंकी तलाश

शहर दक्षिणी के विधायक व मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी से जुड़े डिजिटल डाटा और महत्वपूर्ण दस्तावेजों के दुरुपयोग के मामले में कोतवाली पुलिस आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है। हालांकि, अभी कोई हाथ नहीं लगा है। कोतवाली थाने में शुक्रवार को मंत्री के इंटरनेट मीडिया व मीडिया सलाहकार दिव्यांश शेखर सिंह ने वीडियो एडिटर और ग्राफिक्स डिजाइनर गौरव मिश्रा निवासी ईडब्लूएस कालोनी बर्रा कानपुर और दुर्गेश कुमार सिंह निवासी खानपुर, गंगानगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को बताया था कि गौरव मिश्रा टीम में वीडियो एडिटर और ग्राफिक्स डिजाइनर के रूप में काम करता था। उसके पास मंत्री से संबंधित डिजिटल डाटा, फोटो, हार्ड डिस्क और यूट्यूब अकाउंट का एक्सेस था। गौरव ने पूर्व में नौकरी से निकाले गए दुर्गेश कुमार सिंह के साथ मिलकर इन संसाधनों का दुरुपयोग किया। साथ ही दोनों ने मंत्री के सरकारी लेटरपैड की कूटरचना की थी। उसका विभिन्न स्थानों पर उपयोग करने की योजना बना रहे थे। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ने के लिए कई संभावित स्थानों पर दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिले। इंस्पेक्टर कोतवाली सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दोनों की तलाश की जा रही है।

विज्ञापन संख्याः 01/2026
भारत सरकार
नागरिक उड्डयन मंत्रालय
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
में
**सदस्य (प्रचालन)**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने
की अंतिम तिथि
**23/11/2026 (17:00 बजे तक) है।**
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को
नागरिक उड्डयन मंत्रालय में अग्रेषित करने की
अंतिम तिथि 03/12/2026 (17:00 बजे तक) है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट देखें।
https://www.civilaviation.gov.in
CBC 03111/15/0011/2627

# एसआरएन में मारपीटकी जांच तेज, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

## तीन सदस्यीय जांच टीम सोमवारको सौंपेगी रिपोर्ट, स्टाफसे की गयी पूछताछ

एसआरएन अस्पताल के इमरजेंसी मेडिसिन वार्ड में तीमारदारों और डाक्टरों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। कोतवाली पुलिस घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही अन्य डिजिटल साक्ष्य जुटा रही है।

मारपीट के मामले में अस्पताल प्रशासन की ओर से भी सख्त रूप अपनाते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम ने घटना के दौरान उपस्थित नर्स, वार्ड व्वाय, स्वाथ्य कर्मचारियों, मरीजों एवं अन्य से पूछताछ की और इन सबका बयान लिया लिया गया। वहीं पुलिस पीड़ित पक्ष एवं आरोपित जूनियर डाक्टरों के बयान दर्ज कर घटना की असल वजह जानने का प्रयास कर रही है। वारदात के समय ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्यकर्मियों और सुरक्षा गार्डों से भी पूछताछ की जाएगी।अल्लापुर निवासी सर्वेश शुक्ला ने आरोप लगाया था कि गुरुवार रात मरीज को लेकर एसआरएन अस्पताल पहुंचने पर इलाज को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद डाक्टरों ने उन्हें और उनके ड्राइवर को कमरे में ले जाकर पीटा। कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। कोतवाली थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की काररवाई की जाएगी।

वहीं एसआरएन अस्पताल के सहायक अधीक्षक डा. मेजर जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि घटना के समय ड्यूटी पर तैनात सभी जूनियर डाक्टरों को काम से मुक्त कर दिया गया है। घटना के दौरान उपस्थित नर्स,वार्ड व्वाय एवं मरीजों का बयान लिया गया है। जांच टीम सोमवार को प्राचार्य के समच्छ घटना की रिपोर्ट सौंपेगी, रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी काररवाई की जायेगी ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न दोहरायी जाये।

### अग्रसेन महोत्सवकी तैयारीको लेकर व्यापारियोंने की बैठक

अग्रसेन महोत्सव की तैयारी को लेकर व्यापारियों की बैठक सम्पन्न हुई। विजय गुप्ता ने बताया कि अग्रहरि समाज जिला प्रयागराज के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन महोत्सव रविवार को मुट्ठीगंज स्थित आर्य कन्या इंटर कालेज में शाम ६.३० बजे से आयोजित होगा।इसके पूर्व प्रतियोगिता डांस दोपहर तीन बजे, पेंटिंग प्रतियोगिता चार बजे, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता शाम छह बजे एवं डांडिया उत्सव कार्यक्रम शाम सात बजे सम्पन्न होगा।



संगममें पहुंचे साइबेरियन पक्षी।

# किशोरीसे सामूहिक दुराचारका एक आरोपित गिरफ्तार

नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ १९ अक्टूबर को हुए सामूहिक दुराचार के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, दूसरे की तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ कुछ दिन पूर्व सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पीड़िता के स्वजन की तहरीर पर नवाबगंज थाने में दो के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है, लेकिन दूसरी ओर आरोपितों की ओर से मुकदमे में बयान बदलने का दबाव बनाया जा रहा है।

शुक्रवार को पीड़िता के मामा ने बताया था कि उनकी बहन और भांजी डरी हुई हैं। बढ़ते मानसिक दबाव के चलते असुरक्षित महसूस कर रही मां-बेटी ने अपने घर में ताला जड़ दिया और सुरक्षित ठिकाने की तलाश में ननिहाल चली गईं। शनिवार को नवाबगंज थाना प्रभारी पंकज अवस्थी ने आरोपित विकास कुमार पटेल निवासी दूधिया पलये थाना नवाबगंज को इब्राहिमपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# ननदोईपर कमरेमें घुसकर छेड़खानीका आरोप, जलानेकी धमकी

करेली थाना क्षेत्र में दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और एसी की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। विवाहिता ने पति समेत ससुराल के पांच लोगों पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ननदोई ने कमरे में घुसकर उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर धमकाया और शिकायत करने पर पति ने भी उसका साथ देने के बजाय उसे मायके भेज दिया। करेली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी अप्रैल २०२६ में हुई थी। आरोप है कि शादी के दूसरे दिन से ही पति और ससुराल के अन्य लोग दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और एसी नहीं मिलने को लेकर ताने देने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई विवाहिता का आरोप है कि छह जून को दहेज की मांग को लेकर विवाद के दौरान उसका ननदोई मौका पाकर कमरे में घुस आया। उसने हाथ पकड़कर उसे बिस्तर पर पटक दिया और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर धमकी दी। विवाहिता ने इसकी जानकारी पति को दी तो आरोप है कि उसने उल्टा उसी पर गुस्सा किया और उसे मायके भेज दिया। तहरीर के अनुसार, २९ अगस्त को विवाहिता दोबारा ससुराल पहुंची तो पति समेत अन्य ससुरालीजनों ने गाली-गलौज करते हुए उसे घर से बाहर निकाल दिया। आरोप है कि ननदोई ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने और जान से मारने की धमकी दी। विवाहिता ने पुलिस से पति समेत पांच आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।

# दहेजके लिए विवाहितासे मारपीट, घरसे निकाला

दहेज में पांच लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगा है। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के गौंसपुर कटहुला की रहने वाली विवाहिता ने पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गौसपुर निवासी श्रीमती तैबा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी तीन मार्च २०२४ को गांव के ही युवक मो. याकूब से हुई थी। पति और ससुराल के अन्य लोग दहेज से संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि वे अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाने लगी। पीड़िता ने अपनी मां और बड़े भाई को इसकी जानकारी दी। मायके वालों ने ससुरालियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि उनका रवैया नहीं बदला। पहले भी उसने एयरपोर्ट थाने में शिकायत की थी। इसके बाद सुलह-समझौता कराकर उसे ससुराल भेज दिया गया आरोप है कि २२ जुलाई २०२५ को पति और अन्य ससुरालियों ने फिर उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। तब से वह मायके में रह रही है। पीड़िता का कहना है कि पति ने इसके बाद उसकी सुध नहीं ली। उसे आशंका है कि ससुरालीजन उसकी जान ले सकते हैं। एयरपोर्ट थाना पुलिस काकहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### चिकित्साधिकारीकी परीक्षामें शामिल हुए ६७ प्रतिशत अभ्यर्थी

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी (होम्योपैथी निदेशालय) (विभाग संख्या-११/३२) एवं चिकित्साधिकारी (होम्योपैथी) (श्रम विभाग) (विभाग संख्या-११/३१) (स्क्रीनिंग) परीक्षा-२०२५, २४ अक्तूबर शनिवार को एक सत्र में पूर्वाह्न ९.३० बजे से ११.३० बजे तक प्रदेश के प्रयागराज, जनपद में आयोजित हुई। इस परीक्षा में ९,०४८ अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें कुल उपस्थिति लगभग ६७ प्रतिशत रही। आयोग के परीक्षा नियन्त्रक ने बताया कि प्रश्नगत परीक्षा सकुशल, निर्विघ्न एवं शुचितापूर्वक सम्पन्न हुई।

# लोकनृत्य, सुगम संगीत एवं बिरहा गायनसे सजी शिल्प मेलाकी शाम

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के मुक्ताकाशी मंच पर शनिवार को दीपावली शिल्प मेला में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से सांस्कृतिक संध्या को यादगार बना दिया। बिरहा गायन, कथक नृत्य, सुगम संगीत



और राजस्थान के पारम्परिक लोकनृत्यों ने दर्शकों को भारतीय लोक एवं शास्त्रीय कलाओं की विविधता से रूबरू कराया।

सांस्कृतिक संध्या का आगाज सुश्री प्रीति पंखुरी एवं दल के बिरहा गायन से हुआ। 'सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलयुगष्ट' के बोलों से सजी प्रस्तुति में लोकभाषा, कथात्मकता और भावपूर्ण गायकी का सुंदर संगम देखने को मिला। इसके बाद प्रयागराज की सुश्री संस्कृति केसरवानी ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में कथक की परंपरा और कलात्मकता की मनमोहक झलक देखने को मिली। राजस्थान के बारा से आये एस.बी. गुजरावत ने भवई, चकरी और चरी नृत्य की प्रस्तुतियों से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। पारम्परिक वेशभूषा, लय और लोकशैली से सजी इन प्रस्तुतियों ने राजस्थान की समृद्ध लोकनृत्य परम्परा को मंच पर उतारा और सांस्कृतिक संध्या में लोक रंगों की छटा बिखेर दी। प्रयागराज की सुश्री अदिति मिश्रा ने सुगम संगीत के विविध रंग प्रस्तुत किये। उन्होंने सरस्वती वंदना 'मेरे कंठ बसो महारानी' से गायन का शुभारंभ किया। इसके बाद 'आया कर सांवरे इन गलियन रूम झूम', दादरा 'बिंदिया का रंग उड़ा जाए', 'तुम उठो सिया शृंगार करो, शिव धनुष राम ने तोड़ा है', कृष्ण भजन 'हे मुरलीधर, छलिया मोहन' और चैती 'बोलत काग अंगनवा हो रामा, रघुबर अइहैं' की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भक्ति, लोक और संगीत की विविध शैलियों का अनुभव कराया।

इससे पहले तीसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रो. राज बिहार लाल श्रीवास्तव, विभाग कार्यवाह, काशी प्रांत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा, उपनिदेशक डाक्टर मुकेश उपाध्याय और सलाहकार श्रीमती कल्पना सहाय ने दीप जला कर किया।

### धीरज जन्मोत्सव आज

गुप्तगू संस्था की ओर से २५ अक्तूबर रविवार को कालिन्दीपुरम जागृति चौराहा स्थित जमादार धीरज मार्ग पर अपरान्ह चार बजे से धीरज जन्मोत्सव-२०२६ का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान सम्मान समारोह, संगोष्ठी, कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन किया जायेगा। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अशोक कुमार और अध्यक्षता पूर्व आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह करेंगे।

